भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †191
सोमवार, 1 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**छत्रपति संभाजीनगर में पर्यटन का विकास**

**†191. डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि महाराष्ट्र का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र छत्रपति संभाजीनगर में पर्यटकों के लिए पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू और विदेशी आगंतुकों को असुविधा होती है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार का विचार पुरातत्व विभाग के नियंत्रण में आने वाली अलग-अलग जगहों पर साफ़ पीने का पानी, शौचालयों और जल निकासी, बिजली, सुरक्षित सड़कें, खाना पकाने और रहने की सुविधाएँ और पर्यटन सूचना/गाइड सेंटर जैसी बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन करने के लिए एक बड़ी योजना तैयार करने और उसे लागू करने का है; और

(ग) क्या सरकार 2027 में नासिक में होने वाले महाकुंभ मेले को देखते हुए छत्रपति संभाजीनगर में टूरिस्ट की संख्या में होने वाली बढ़ोतरी को पूरा करने के लिए पर्यटक स्थलों के पूरे विकास के लिए तुरंत कदम उठाने का विचार कर रही है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय महाराष्ट्र के एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में छत्रपति संभाजीनगर के महत्व को स्वीकार करता है। यद्यपि विभिन्न पर्यटक गंतव्यों पर मूलभूत सुविधाओं को उन्नत बनाने हेतु विस्तृत योजना तैयार करने के साथ पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/संबंधित एजेंसियों द्वारा किया जाता है, पर्यटन मंत्रालय अपनी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास और पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है। उक्त सहायता, योजना दिशा-निर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप तथा निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/संबंधित एजेंसियों से प्रासंगिक योजनाओं के तहत परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर प्रदान की जाती है।

मंत्रालय ने चिह्नित विषय आधारित परिपथों के तहत पर्यटन अवसंरचना के विकास के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना शुरू की और देश में 76 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है। इस योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया गया है, जिसका

उद्देश्य स्थायी और उत्तरदायी पर्यटन गंतव्यों का विकास करना है और मंत्रालय ने उक्त पहल के तहत देश में 53 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है। इसके अलावा, मंत्रालय ने 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' तथा स्वदेश दर्शन योजना की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक उप-योजना के तहत भी परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है।

इसके साथ ही, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों का विकास' नामक योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है, जिसमें महाराष्ट्र के नासिक में एक परियोजना भी शामिल है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों का बड़े पैमाने पर विकास करना, उनकी ब्रांडिंग करना और वैश्विक स्तर पर मार्केटिंग करना है।

यद्यपि पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए परियोजनाओं प्रस्तावों की प्राप्ति और स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है, छत्रपति संभाजीनगर में परियोजनाओं को स्वीकृति देने के लिए मंत्रालय के पास अभी कोई नया प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

महाराष्ट्र में एसडी, एसडी 2.0, प्रशाद, सीबीडीडी और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले द्वारा छत्रपति संभाजीनगर में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 01.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †191 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**(i) महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास | 45.47 |

**(ii) महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 |

**(iii) महाराष्ट्र राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | श्रेणी | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | अहमदनगर किले का विकास | संस्कृति एवं विरासत | 25.00 |

**(iv) महाराष्ट्र राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 |
| 2. | 2024-25 | नासिक में राम-काल पथ का विकास | 99.14 |

**(v) महाराष्ट्र राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 45.41 |

*****